## ईपीआई-कॉर्पोरेट कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए 'राजभाषा और कार्यान्वयन तथा उसका नीति ज्ञान' विषय पर हिंदी कार्यशाला

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा प्राप्त वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिंदी को और अधिक बढावा देने के उद्धेश्य से हिंदी कार्यशालाएं आयोजित करने का प्रावधान है। इसी के अंतर्गत ईपीआई, कॉर्पोरेट कार्यालय में दिनांक 30 दिसंबर, 2025 (मंगलवार) को हिंदी कार्यशाला का आयोजन अपराह्न 3.00 बजे से 4.00 बजे तक स्कोप कॉम्प्लैक्स, कोर-3, लोधी रोड स्थित चैथी मंजिल के सम्मेलन कक्ष में किया गया। इस कार्यशाला में माननीय श्री देवी प्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विश्व हिंदी परिषद एवं सदस्य हिंदी सलाहकार समिति, ग्रामीण विकास मंत्रालय, उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम सदस्य सचिव, राजभाषा ने मंच की शुरुआत की तथा श्री एस. हसन, अध्यक्ष, रा.का.सं. ने आमंत्रित वक्ता माननीय श्री देवी प्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विश्व हिंदी परिषद एवं सदस्य हिंदी सलाहकार समिति का शॉल तथा पुस्तक देकर सम्मान किया। आमंत्रित अथिति वक्ता ने कार्यशाला में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों का परिचय लिया तथा राजभाषा हिंदी को बढावा देने के लिए समस्त प्रतिभागियों का ध्यान एकत्रित किया तदोपरांत माननीय आमंत्रित वक्ता श्री देवी प्रसाद मिश्र जी द्वारा सम्मेलन की शुरुआत की गई। इस हिंदी कार्यशाला में श्रीमती करिश्मा लेहकरा, श्री दुर्गेश पाण्डेय, कु. मानवी कुमार, श्री श्रीकांत पाण्डेय, कु. दिप्ती कंचन, श्री आर्यन वर्मा, श्री नितिन कुमार, श्री शमीम अहमद आदि ने बढचढ कर भाग लिया। हिंदी कार्यशाला में आमंत्रित वक्ता माननीय श्री देवी प्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विश्व हिंदी परिषद एवं सदस्य हिंदी सलाहकार समिति ने राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति कर्मचारियों के दायित्व को अधिक से अधिक बढावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदी को अधिक से अधिक बढावा देने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया जिसमें हिंदी पत्राचार, हिंदी टिप्पण लेखन, ई-मेल में हिंदी का प्रयोग, हिंदी अनुवाद पर विशेष रुप से मार्गदर्शन किया।

इस सम्मेलन में समस्त स्तर के लगभग 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को माननीय श्री देवी प्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विश्व हिंदी परिषद एवं सदस्य हिंदी सलाहकार समिति तथा अध्यक्ष, रा.का.सं. श्री एस. हसन द्वारा भेंट स्वरुप पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष, रा.का.सं. द्वारा आमंत्रित वक्ता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीष शंकरराव गवई, प्रबंधक राजभाषा ने किया तथा कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था श्रीमती तबस्सुम खान, कार्यकारी राजभाषा द्वारा की गई।

राजभाषा प्रभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय

सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग (वेबसाइट में डालने हेतु)